प्रेस नोट

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024

दिनांक 01 अप्रैल 2024

सीविजिल एप्लीकेशन

सीविजिल एक एनड्रॉइड/आइओएस आधारित मोबाईल एप्लीकेशन है जिसके माध्यम से नागरिक निर्वाचन अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाये बगैर ही ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

विशेषताएं :–

1. सीविजिल शिकायतकर्ता को फोन नं और अपनी पहचान को गुप्त रखते हुए भी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान करता है।

2. शिकायतकर्ता अपनी शिकायत पर की गई कार्यवाही को ट्रैक कर सकते है।

3. इस एप्लीकेशन के माध्यम से नागरिकों की शिकायत पर पूरी कार्यवाही 100 मिनट में पूर्ण की जाती है।



नागरिकों द्वारा शिकायत करने की प्रकिया :–

1. गूगल प्ले स्टोर/ऐप्पल स्टोर से सीविजिल ऐप डाउनलोड करें।

2. नागरिक या तो मोबाईल नं. और ओटीपी के माध्यम से लॉग–इन कर सकते हैं या गुमनाम रूप से भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

3. आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का फोटो/विडियो/ऑडियो कैप्चर करें। पूर्व से रिकार्ड किये गये फोटो/विडियो/ऑडियो अपलोड नही किये जा सकते।

4. घटना स्थल की सटीक लोकेशन की पहचान करने में सहायता के लिए अतिरिक्ति जानकारी दर्ज करें।

5. सभी अनिवार्य फील्ड दर्ज करने के बाद सबमिट (Submit) पर क्लीक करें।

दिनांक 01/04/2024 की स्थिति में राज्य के जागरूक नागरिकों द्वारा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के अब तक कुल 197 प्रकरण शिकायत के रूप में दर्ज कराये गये हैं जिनका निराकरण पूर्ण किया जा चूका है।